http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

# MP BOARD CLASS 12 PAPER 2013
# व्यावसायिक अर्थशास्त्र : कक्षा XII

समय : 3 घण्टा ] [ पूर्णांक : 100

निर्देश–
- (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- (ii) प्रश्न-पत्र में दिये गये निर्देश सावधानीपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
- (iii) प्रश्न-पत्र में दो खण्ड दिये गये हैं–**खण्ड-अ** और **खण्ड-ब**।
- (iv) **खण्ड-अ** में दिये गये प्रश्न **1 से 5** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनके अन्तर्गत रिक्त स्थानों की पूर्ति, सत्य/असत्य, सही जोड़े बनाना, एक शब्द में उत्तर तथा सही विकल्प का चयन करना है। प्रत्येक प्रश्न **5 अंक** का है।
- (v) **खण्ड-ब** के सभी प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिये गये हैं।
- (vi) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

## खण्ड-अ

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक 5 अंक)

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए–

(अ) "पूर्ण रोजगार वह दशा है जिसमें प्रचलित मजदूरी दरों पर कार्यक्षम व्यक्ति कार्य करने का इच्छुक हो।" यह परिभाषा है–
(i) प्रो. रॉबिन्स की, (ii) प्रो. एडम स्मिथ की,
(iii) प्रो. कीन्स की, (iv) प्रो. मार्शल की।

(ब) केन्द्रीय बजट प्रस्तुत किया जाता है–
(i) राज्य सरकार द्वारा, (ii) केन्द्र सरकार द्वारा,
(iii) केन्द्र शासित सरकार द्वारा, (iv) स्थानीय सरकार द्वारा।

(स) समय के आधार पर बाजार होते हैं–
(i) दो प्रकार के, (ii) चार प्रकार के,
(iii) तीन प्रकार के, (iv) पाँच प्रकार के।

(द) "लगान भूमि की उपज का वह भाग है जो भूस्वामी को भूमि की मौलिक और अविनाशी शक्तियों के उपयोग के बदले में दिया जाता है।" यह परिभाषा दी गई है–
(i) प्रो. रिकार्डो द्वारा, (ii) प्रो. मार्शल द्वारा,
(iii) कार्वर द्वारा, (iv) श्रीमती जॉन रॉबिन्सन द्वारा।

(इ) निम्नलिखित करों में कौन-सा कर प्रत्यक्ष-कर है ?
(i) आयकर, (ii) वाणिज्यिक कर,
(iii) पूँजीकर, (iv) व्ययकर।

उत्तर–(अ) (iii), (ब) (ii), (स) (ii), (द) (i), (इ) (i)।

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

(अ) प्रत्याशित समग्र व्ययों पर उपलब्ध समग्र उत्पादन का आधिक्य ········ कहलाता है।

(ब) निगम-कर ·········· पर लगाया जाता है।

(स) अपूर्ण प्रतियोगिता में क्रेताओं एवं विक्रेताओं की संख्या ········· होती है।

(द) चौदह वर्ष से कम आयु का बालक जो शारीरिक एवं मानसिक श्रम करता है, कहलाता है ·············।

(इ) ············· कर एक प्रगतिशील कर है।

उत्तर– (अ) कुल लाभ, (ब) निगमों व व्यावसायिक कम्पनियों, (स) कम, (द) बाल श्रमिक, (इ) आय।

**प्रश्न 3. सही जोड़ी बनाइए—**

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (अ) बिक्री-कर | (i) नकद मजदूरी |
| (ब) एकल विक्रेता | (ii) पेशेवर व्यक्ति |
| (स) अनुबंध लगान | (iii) एकाधिकारी |
| (द) वृत्ति-कर | (iv) अप्रत्यक्ष कर |
| (इ) मौद्रिक मजदूरी | (v) समझौते द्वारा निर्धारित |

उत्तर—(अ) → (iv), (ब) → (iii), (स) → (v), (द) → (ii), (इ) → (i)।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित का सत्य या असत्य में उत्तर दीजिए—**

(i) आयकर एक प्रगतिशील कर है।

(ii) पूर्ण प्रतियोगिता एक कोरी कल्पना नहीं है।

(iii) नकद मजदूरी का क्षेत्र संकुचित होता है।

(iv) प्रो. थॉमस के अनुसार, "लाभ उद्यमी का पुरस्कार है।"

(v) कर का भुगतान ऐच्छिक होता है।

उत्तर—(i) सत्य, (ii) असत्य, (iii) सत्य, (iv) असत्य, (v) असत्य।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रत्येक का *एक* शब्द में उत्तर दीजिए—**

(अ) किस प्रतियोगिता में उत्पत्ति के साधन पूर्णत: गतिशील होते हैं ?

(ब) किस राज्य में जूट उद्योग का स्थानीयकरण हुआ है ?

(स) किस राज्य में अन्य राज्यों की अपेक्षा अधिक चाय होती है ?

(द) किस आय को किसी विशिष्ट वर्ष की औसत आय माना जाता है ?

(इ) शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद को ··········· कहा जाता है।

उत्तर— (अ) पूर्ण प्रतियोगिता, (ब) पश्चिम बंगाल, (स) असम, (द) सकल घरेलू उत्पाद, (इ) बाजार मूल्य पर राष्ट्रीय आय।

## खण्ड-ब

### अति लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक 4 अंक)

**प्रश्न 6.** माँग के आधिक्य की समस्या को नियंत्रित करने के **चार** मौद्रिक उपायों को बताइए।

***अथवा***

अर्थव्यवस्था में माँग के अभाव के किन्हीं **चार** कारणों को संक्षेप में समझाइए।

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 7.** उपभोग फलन से आप क्या समझते हैं ? इसकी कोई **तीन** विशेषताएँ बताइए।

***अथवा***

बचत को प्रभावित करने वाले **चार** घटकों को संक्षेप में समझाइए।

**प्रश्न 8.** आर्थिक विश्लेषण में सांख्यिकी के महत्त्व को संक्षेप में समझाइए।

***अथवा***

सांख्यिकीय माध्य के किन्हीं **चार** उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 9.** राष्ट्रीय आय के महत्त्व का किन्हीं **चार** बिन्दुओं में वर्णन कीजिए।

***अथवा***

राष्ट्रीय आय एवं वैयक्तिक आय में किन्हीं **चार** बिन्दुओं में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 10.** उत्पादन संगणना विधि क्या है ? इस विधि में दोहरी गणना की समस्या को बताइए।

***अथवा***

उत्पादन संगणना विधि का उपयोग करते समय कौन-सी सावधानियाँ रखनी चाहिए ? समझाइए।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**(प्रत्येक 5 अंक)**

**प्रश्न 11.** आर्थिक विश्लेषण में अर्थशास्त्र के महत्त्व को **पाँच** बिन्दुओं में समझाइए।

***अथवा***

समष्टि अर्थशास्त्र एवं व्यष्टि अर्थशास्त्र के मध्य अन्तर स्पष्ट कीजिए। (कोई **पाँच** बिन्दु)

**प्रश्न 12.** "मुद्रा वही जो मुद्रा का कार्य करे।" इस कथन के संदर्भ में मुद्रा के प्राथमिक कार्यों को समझाइए।

***अथवा***

केन्द्रीय बैंक के केन्द्रीय बैंकिंग सम्बन्धी कार्यों को समझाइए। (कोई **पाँच**)

**प्रश्न 13.** भुगतान सन्तुलन में असंतुलन के कारणों का वर्णन कीजिए।

***अथवा***

भुगतान सन्तुलन के महत्त्व को **पाँच** बिन्दुओं में समझाइए।

**प्रश्न 14.** भुगतान सन्तुलन में चालू खाते की डेबिट एवं क्रेडिट मदों को लिखिए।

***अथवा***

विदेशी-विनिमय दर का निर्धारण कैसे किया जाता है ? समझाइए।

**प्रश्न 15.** वस्तु-विनिमय की किन्हीं **पाँच** कठिनाइयों को समझाइए।

***अथवा***

"पूर्ण प्रतियोगिता एक कोरी कल्पना है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**(प्रत्येक 6 अंक)**

**प्रश्न 16.** केन्द्रीय बजट के उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए।

***अथवा***

केन्द्रीय सरकार के कर राजस्व के प्रमुख स्रोतों को समझाइए।

**प्रश्न 17.** आर्थिक लगान एवं अनुबंध लगान में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

***अथवा***

बाल श्रम की समस्या के लिये कारणों को समझाइए।

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zsubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 18.** प्रत्यक्ष करों के किन्हीं छः गुणों का वर्णन कीजिए।

*अथवा*

आदर्श कर प्रणाली की किन्हीं छः विशेषताओं को समझाइए।

**प्रश्न 19.** निम्नलिखित में से किसी **एक** वाणिज्यिक एवं नकद फसल की भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए—

(अ) कपास, (ब) जूट, (स) गन्ना।

*अथवा*

मुम्बई और गुजरात में सूती वस्त्र उद्योग के स्थानीयकरण के कारणों को समझाइए।

**प्रश्न 20.** निम्नलिखित आँकड़ों से माध्य की गणना कीजिए :

| प्राप्तांक | 0—10 | 10—20 | 20—30 | 30—40 | 40—50 |
|---|---|---|---|---|---|
| छात्रों की संख्या | 10 | 12 | 20 | 18 | 10 |

*अथवा*

प्राथमिक एवं द्वितीयक समंकों में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (कोई छ : बिन्दु)

http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zsubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com